>

Title: Need to take steps for setting up an Atomic Power Station in district Nawada, Bihar-laid.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): भारत सरकार ने तीन वर्ष पूर्व बिहार राज्य के नवादा जिले के अंतर्गत रजौली में आणविक विद्‌युत परियोजना लगाने की घोषणा की थी। इस संदर्भ में स्थल की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भी भेजी गई। उस टीम ने सारी बातों पर सहमति जताते हुए पानी की उपलब्धता पर एक प्रश्नचिन्ह लगाया था। उसके संबंध में बिहार सरकार ने संबंधित मंत्रालय को सूचित किया कि आणविक विद्‌युत परियोजना के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिए फुलवड़िया डैम से आधा पानी और धनंजय नदी पर डैम बनाकर पानी की आपूर्ति कर दी जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार ने भी समय-समय पर माननीय प्रधानमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया है, पर अभी तक कोई ठोस कदम उठाने के संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। यहां यह बताना उचित होगा कि बिहार राज्य के विद्‌युत थर्मल पावर स्टेशन बरौनी एवं कांटी वर्षों से ठप्प पड़े हैं। यदा-कदा बिहार सरकार के घोर प्रयास करने के बाद नाममात्र का विद्‌युत उत्पादन हो पाता है। इसलिए रजौली आणविक विद्‌युत ताप परियोजना बिहार के लिए प्राणवायु की तरह है। यदि केन्द्र ने इस संबंध में सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो यह बिहार के लिए त्रासदी होगी।

अतः अविलम्ब केन्द्र सरकार बिहार सरकार के आश्वासन के आलोक में आणविक विद्‌युत परियोजना को स्वीकृति देकर उसके कार्यान्वयन की दिशा में ठोस कार्यवाही करे। इस ओर मैं सरकार का ध्यान और विशेषकर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट करता हूं।